– Geospatial
– DMC

रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

REGISTERED No. D.L.—33002/99

# दिल्ली राजपत्र
# Delhi Gazette

असाधारण
EXTRAORDINARY
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 52] दिल्ली, सोमवार, मार्च 21, 2011/फाल्गुन 30, 1932 [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 312
No. 52] DELHI, MONDAY, MARCH 21, 2011/PHALGUNA 30, 1932 [N.C.T.D. No. 312

भाग—IV

PART—IV

राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली सरकार
GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

दिल्ली विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

दिल्ली, 21 मार्च, 2011

**फा. सं. 21(2)/2011/एलएएस-IV/लेग/3240.**— निम्नलिखित सर्व साधारण हेतु प्रकाशित किया जाता है :—

**दिल्ली भू-आकाशीय आंकड़ा अवसंरचना (प्रबंधन, नियंत्रण, प्रशासन सुरक्षा एवं संरक्षण) अधिनियम, 2011**

**(बिल संख्या : 02, 2011)**

**(जैसाकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में दिनांक 21 मार्च, 2011 को पुरःस्थापित किया गया)**

दिल्ली में सार्वजनिक सुविधाओं जिसमें सड़क, जल, जल-मल, बिजली, दूरभाषीय संचार/इंटरनेट सेवाएं तथा अन्य उपयोगी सेवाएं, भू-राजस्व अभिलेख संपत्ति विवरण, संपत्ति स्वामित्व तथा इसी प्रकार की जानकारी की दृष्टि से दिल्ली के लिए एक भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय प्रणाली, भू-आकाशीय अनुप्रयोग, भू-पोर्टल, प्रबंधन तथा साझा करने के लिए जीओ स्पेटियल दिल्ली लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन पंजीकृत निकाय, को दायित्व सौंपना, विभागों, निगमों, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बोर्डों, स्थानीय निकायों, सरकारी अधिकरणों, सरकारी या निजी अभिकरणों आदि में इसके प्रयोग तथा जिओ-स्टेटियल डाटा को अद्यतन करना अनिवार्य बनाना, दिल्ली के समुचित, समन्वित नियोजन एवं विकास के लिए एक विनियामक अधिकरण तथा अपीलीय अधिकरण की स्थापना करना तथा इससे संबंधित या आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक;

जबकि, अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सेवा प्रभाग) विभाग, भारत सरकार ने दिनांक 14-7-2010 के पत्र द्वारा आंकड़ा बैंक को साझा तथा सुलभ करवाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई है तथा कहा है कि जो आंकड़ा बैंक सार्वजनिक धन की लागत से सरकार के विभिन्न विभागों तथा अधिकारियों ने तैयार किया है उसे जनहित के लाभ के लिए साझेदारी तथा उपयोग किया जाए;

और जबकि, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सभी संबंधित सूचनाओं की सुलभता के लिए समेकित भू-आकाशीय सूचना प्रणाली विकसित की है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के भू-राजस्व रिकार्ड, भू-प्रयोग, संपत्ति विवरण, उपयोगी सेवाएं, आधारभूत संरचना आदि जैसी सूचनाएं शामिल हों। जो भारत सर्वेक्षण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारत सरकार के विशेषज्ञ मार्ग दर्शन में दिल्ली सरकार के दिनांक 13-11-2007 के मंत्री मंडल निर्णय से 1302 के अनुसरण में हो;

और जबकि, दिल्ली भू-आकाशीय डाटा तथा इसकी सूचनाओं का प्रयोग दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों, निगमों, मण्डलों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक अधिकरणों दिल्ली में सार्वजनिक उपयोग की सेवाएं प्रदान करने वाले सरकारी तथा निजी अभिकरणों द्वारा

सुशासन के बेहतर नियोजन एवं प्रबंधन के लिए किया जा सकता है ।

भारतीय गणराज्य के 62वें वर्ष के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में निम्न प्रकार से अधिनियमित किया जाए :—

## अध्याय-1

## प्रारम्भिक

**1. संक्षिप्त शीर्षक, विस्तार एवं प्रारंभ.**—(1) इस अधिनियम को दिल्ली भू-आकाशीय आंकड़ा अवसंरचना (प्रबंधन, नियंत्रण, प्रशासन सुरक्षा एवं संरक्षण) अधिनियम, 2011 कहा जायेगा ।

(2) इसका विस्तार समस्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर है।

(3) यह सरकारी राजपत्र में अधिसूचना से सरकार द्वारा यथानियत तिथि से प्रवृत्त होगा ।

**2. परिभाषाएं.**—इस अधिनियम में, संदर्भ से जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अपीलीय प्राधिकरण" का अर्थ है इस अधिनियम की धारा 19 के अनुसार नियुक्त अधिकारी;

(ख) "एट्रीब्यूट" का अर्थ है स्थानीय स्वरूप से संबंधित अर्हक डाटा तथा कोई गैर स्थानीय या स्वरूपगत डाटा जो नक्शे के लक्षणों से संबंधित होगा;

(ग) "कंपनी" का अर्थ है भू-आकाशीय दिल्ली लिमिटेड जिसका संपूर्ण स्वामित्व सरकार का है कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन पंजीकृत है;

(घ) "दिल्ली" का अर्थ है राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली;

(ङ) "विकास कार्य" में निर्माण गतिविधि, खुदाई कार्य तथा किसी संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सरकारी अधिकरण तथा लोक उपयोगिता सेवा जैसे तारें बिछाना, पानी की पाइप लाइन, मल-जल लाइन, गैस पाइप लाइन आदि का कार्य करने वाली सरकारी और निजी अभिकरण द्वारा किये जाने वाला कार्य ;

(च) "भू-पोर्टल" का अर्थ है भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक प्राप्त करने के लिए दिल्ली भू-आकाशीय मैप सर्वर या सर्वर अनुप्रयोग तथा नियंत्रण केन्द्र या निगरानी केन्द्र की सुनिश्चित प्रणाली पर क्रियाशील अनुप्रयोग;

(छ) "भू-आकाशीय अनुप्रयोग" में सरकार की विशिष्ट प्रशासनीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक के प्रयोग हेतु विकसित अनुप्रयोग;

(ज) "भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक" में त्रीय-आयाम भू-स्थानीय सूचना प्रणाली आती है दिल्ली की भू-सूचना प्रणाली जैसे भू-राजस्व अभिलेख, भू-स्वामित्व आदि, तथा नगर सूचना प्रणाली भी है जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का संपत्ति विवरण, संपत्ति स्वामित्व, पाइप लाइन, मल-जल लाइन, सड़क, पुल, पानी की टंकियों तथा इस प्रकार की सूचनाएं, आधार मानचित्र, संबंधित विभाग, स्थानीय निकायों, सरकारी अधिकरणों, सार्वजनिक तथा निजी एजेंसियों को तथा उनके द्वारा हार्डकॉपी, साफ्टकॉपी तथा इलैक्ट्रॉनिक संचारण स्वरूप में उपलब्ध कराया जायेगा;

(झ) "भू-आकाशीय मानचित्र" जिसमें दिल्ली का द्वि-आयाम या त्रीय-आयाम मानचित्र सम्मिलित है और जिसे एरियल फोटोग्राफी, फोटोग्रामेट्री की मदद से द्वि-आयाम या त्रीय-आयाम टोपोलॉजी एवं संरचना के साथ सृजित, किया गया है और इसमें ऑर्थो-फोटो वैक्टोराइजेशन, वैलीडेशन, डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक मॉडल सम्मिलित हों ताकि प्रक्षिप्त क्षेत्र का द्वि-आयाम या त्रीय-आयाम मानसदर्शन उपलब्ध कराया जा सके;

(ञ) "भू-आकाशीय प्रणाली" का संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण के यांत्रिकृत उचित संपर्क के साथ नियंत्रण केन्द्र तथा निगरानी केन्द्र के लिए हार्डवेयर, साफ्टवेयर, आकाशीय आंकड़ा बैंक अनुप्रयोग, सर्वेक्षण प्रणाली तथा सम्बद्ध सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण सम्मिलित हैं ।

(ट) "सरकार" का अर्थ है अधिनियम 239 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उप-राज्यपाल तथा संविधान के अधिनियम 239एए के अंतर्गत यथापरिभाषित;

(ठ) "संबंधित विभाग" में दिल्ली सरकार के विभाग, निगम, मण्डल सम्मिलित हैं जिन्हें प्राधिकृत नियंत्रण के माध्यम से आधार मानचित्र का अभिगमन करने का अधिकार है;

(ड) "स्थानीय निकाय" में सम्मिलित है—कोई भी सार्वजनिक प्राधिकरण, नगर निगम, दिल्ली कैन्टोनमेंट बोर्ड, दिल्ली जल बोर्ड, टाउन प्लानिंग प्राधिकरण, दिल्ली विकास प्राधिकरण या अन्य कोई निकाय या अन्य किसी नाम वाली प्राधिकरण, चाहे उसे कुछ समय के लिए कानून द्वारा दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक उपयोगिता की आवश्यक सेवा प्रदान करने या नियंत्रित या प्रबंध या नागरिक सेवा में लगाया गया हो;

(ढ) "निगरानी केन्द्र" का अर्थ है—जीवित अभिलेख, बिल्डिंग, रियल स्टेट तथा अन्य सम्पत्तियों की निगरानी के लिए स्थापित इंटरनेट प्रोटोकॉल कैमरा या अन्य किसी माध्यम से एकत्रित डेटा के प्राप्त तथा स्थानीय अभिलेख सृजन पर परिवर्तन का पता लगाया जा सके;

(ण) "अधिसूचना" का अर्थ है सरकारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना;

(त) "सार्वजनिक एवं निजी अधिकरण" में सम्मिलित हैं—सार्वजनिक या निजी बिजली वितरण कंपनियां, सार्वजनिक या निजी दूर संचार सेवाएं, इंटरनेट सर्विस उपलब्धकर्ता तथा अन्य;

(थ) "सार्वजनिक प्राधिकरण" का अर्थ है—स्व शासन स्थापित या गठित कोई प्राधिकरण या निकाय या संस्था (i) संविधान द्वारा या अंतर्गत; (ii) संसद द्वारा बनाए गए किसी अन्य कानून द्वारा; (iii) विधान सभा या संघ राज्य क्षेत्र द्वारा बनाए गए किसी कानून द्वारा और (iv) अधिसूचना द्वारा या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के आदेश द्वारा तथा जिसमें सम्मिलित है—

(क) सरकार द्वारा स्वामित्व, नियंत्रित या आंशिक रूप से वित्त निकाय;

(ख) सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि द्वारा सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से आंशिक रूप से वित्त पोषित गैर-सरकारी संगठन;

(ग) कोई संगठन या व्यवसायिक निकाय, जैसाकि भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के अंतर्गत वर्णित है। जो जनोपयोगिता की सेवाएं प्रदान करते हैं;

(घ) "विनियय" का अर्थ है-अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के अंतर्गत विनियामक प्राधिकरण द्वारा बनाए गए विनियम ।

(न) "विनियामक प्राधिकरण" का अर्थ है इस अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत गठित दिल्ली आकाशीय आंकड़ा बैंक विनियामक प्राधिकरण।

(प) "नियम" का अर्थ है अधिनियम के अनुसार अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत सरकार द्वारा बनाए गए नियम ।

(फ) "अनुसूची" का अर्थ है इस अधिनियम के साथ संलग्न अनुसूची;

(ब) "उपयोगिता मानचित्र दर्शिता" का अर्थ है भूतल अनुसंधान रेडार तथा भूतल सर्वे एवं सर्वे के अन्य प्रकार का प्रयोग करते हुए भूतल, भूमिगत या ऊपरी भूमि से संबंधित उपयोगिता जैसे-पानी की पाइप लाइन, मल-जल लाइन, केबल्स का भू-आकाशीय आंकडा संग्रह की मानचित्र दर्शिता तथा सृजन।

(भ) "उपयोगित सेवाएं " में पानी, मल-जल, बिजली तथा अन्य सेवाएं सम्मिलित हैं।

## अध्याय-II

## भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक की अनिवार्य साझेदारी, अभिगमन, उपयोगिता तथा अध्यतन ।

**3. भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक की अनिवार्य साझेदारी, अभिगमन, उपयोगिता तथा अध्यतन.**—(1) दिल्ली में सार्वजनिक उपयोगिता की सेवा प्रदान करने वाला प्रत्येक संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, निजी तथा सार्वजनिक अभिकरण निम्न सुनिश्चित करेंगे—

(क) कि उनसे संबंधित विभिन्न भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय आंकड़ा संग्रह में सम्मिलित कर दिये गये हैं;

(ख) उचित समन्वित परियोजना, प्रबंध तथा अपनी प्रशासनिक व सांविधिक प्रकार्य के भाग के रूप में प्रदत्त विभिन्न सेवाओं के लिए भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक तथा भू-आकाशीय मानचित्र का उपयोग करेंगे ।

(ग) इस अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक का अध्यतन तथा भू-आकाशीय मानचित्र सृजन, अनुरक्षण तथा प्रबंधन के लिए वास्तविक समय के आधार पर निरंतर अपने से संबंधित आंकड़ा बैंक का अध्यंतन करेंगे ;

(घ) इस अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप अपने से संबंधित आंकड़ा बैंक को भू-आकाशीय तथा सृजित, अनुरक्षित तथा प्रबंधित भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक तथा भू-आकाशीय मानचित्र का सम्पर्क सुनिश्चित करना ।

(ङ) भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक की संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना।

## अध्याय-III

## सार्वजनिक सेवा एवं सार्वजनिक उपयोगिता की सेवा

**4. सार्वजनिक सेवा एवं सार्वजनिक उपयोगिता की सेवा**—(1) इस अधिनियम के उद्देश्य के लिए, सार्वजनिक सेवा एवं सार्वजनिक उपयोगिता की वे सेवाएं सम्मिलित हैं जो सरकार के संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सरकारी अधिकरण, सरकारी तथा निजी अभिकरण प्रदान करती है तथा अनुसूची में सूचीबद्ध है ।

(2) विनियामक प्राधिकरण की सिफारिश पर सरकार समय-समय पर अधिसूचना द्वारा किसी अन्य सार्वजनिक सेवा को अनुसूची में शामिल कर सकती है ।

## अध्याय-IV

## कम्पनी का सशक्तिकरण एवं अधिनियम के अन्तर्गत इसके कार्य

**5. सशक्तिकरण.**—(1) दिल्ली के लिए, भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय प्रणाली, भू-आकाशीय अनुप्रयोग, भू-पोर्टल, जिसमें कि राजस्व अभिलेख, सार्वजनिक जनोपयोगी सुविधाएं जिनमें सड़कें, जल, मल-जल, विद्युत, दूरसंचार/इन्टरनेट सेवाएं और अन्य जनोपयोगी सेवाओं सहित संपत्ति का विवरण, संपत्ति का स्वामित्व और इस प्रकार अन्य का सृजन करने, अध्यतन करने, प्रबंधन, प्रसारण एवं हिस्सेदारी के प्रयोजनार्थ कम्पनी इस अधिनियम के प्रारंभ होने के उपरांत सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एवं कम्पनी के अन्तर्नियमों से ऐसे यथावश्यक संशोधनों द्वारा सरकार द्वारा सशक्त होगी ।

**6. कम्पनी के प्रकार्य** :—कम्पनी सरकार के लिए भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय प्रणाली और भू-पोर्टल तथा अनुप्रयोग विकसित करेगी और:—

(क) संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, सार्वजनिक या निजी अभिकरणों, व्यक्तिगत इत्यादि के आंकड़ा बैंक का उपयुक्त प्रयोग करेगी जैसा कि दिल्ली के नागरिकों के हित के लिए सरकार द्वारा अधिकृत है;

(ख) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को अपनाएगी और अनुरक्षित करेगी जो कि दिल्ली आकाशीय आंकड़ा बैंक अवसंरचना परियोजना में तैयार और प्रयोग होगा ;

(ग) सार्वजनिक उपयोगिता की सेवा प्रदान करने के लिए संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, निजी तथा सार्वजनिक संस्थाओं से प्राप्त परिवर्तन के अनुरोध के आधार पर भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक को अध्यतन करना;

(घ) बेहतर समन्वित योजना, उपयोगिता तथा स्रोतों के अनुरक्षण के लिए सरकार तथा भारत सरकार को बहुमूल्य सेवाएं तथा परामर्श प्रदान करना;

(ङ) संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरणों तथा भारत के नागरिकों के लिए आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय अनुप्रयोगों तथा अन्य के लिए वसूले जाने वाले प्रभार, शुल्क, लागत के. मॉडल राजस्व की रूपरेखा तैयार करना;

7. **कम्पनी का प्रशासनिक नियंत्रण** :—कम्पनी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से सरकार के संपूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करेगी और वह समय-समय पर सरकार द्वारा जारी नीतियों, दिशा निर्देशों, निर्देशों से बाध्य होगी ।

## अध्याय-V

## आंकड़ा बैंक का प्रबंधन, उपयोगिता और अभिगमन

8. **संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरणों तथा जन-साधारण द्वारा भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक का अभिगमन**—(1) एट्रीब्यूट आंकड़े के साथ-साथ अपने आकाशीय आंकड़े का उपयोग, अध्यतन को अभिगमन नियंत्रण के माध्यम से प्रत्येक संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी संस्थान को भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र तथा भू-आकाशीय अनुप्रयोग का अभिगमन कर सकेंगे ;

(2) प्रत्येक संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण प्रभार, शुल्क, लागत का भुगतान कर आकाशीय तथा एट्रीब्यूट आंकड़े विविध रूपों में दोनों को डाउन लोड कर सकते हैं जैसे-पोर्टेबल कागजात फार्मेट तथा उसी प्रकार उनका आंतरिक प्रयोग तथा अनुप्रयोग;

(3) सरकार सामान्य रूप से जनसाधारण, निजी व्यक्ति, सार्वजनिक एवं निजी अभिकरण को भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र तथा भू-आकाशीय अनुप्रयोग के नियंत्रित अभिगमन की अनुमति देगी जोकि इस अधिनियम में बनाये गये नियमानुसार होगा ।

बशर्ते कि सरकार भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय अनुप्रयोगों को प्रतिबंधित और अप्रतिबंधित संवर्गों में वर्गीकृत करने के लिए अधिकृत है और जन साधारण, निजी व्यक्ति, सार्वजनिक एवं निजी अभिकरण को इस अधिनियम के अंतर्गत नियमों के अनुरूप अप्रतिबंधित के रूप में वर्गीकृत आंकड़ा बैंक का अभिगमन करने की अनुमति प्रदान करें;

आगे उपलब्ध है कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र में सूचना के प्रदर्शन के संबंध में समय-समय पर भारत सरकार द्वारा बनाए गए नीतियों, दिशानिर्देशों, नियमों, विनियमों इत्यादि के प्रति बाध्य होगी।

9. **संबंधित विभाग स्थानीय निकाय इत्यादि के साथ सेवा स्तरीय अनुबंध या अन्य अनुबंध**—(1) इस अधिनियम के उद्देश्य को हासिल करने के लिए कम्पनी दिल्ली में सार्वजनिक उपयोगिता की सेवा प्रदान करने के लिए किसी संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण के साथ सेवा स्तरीय अनुबंध या अन्य अनुबंध कर सकती है।

(2) कम्पनी संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण को भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-पोर्टल, भू-आकाशीय प्रणाली, भू-आकाशीय अनुप्रयोगों के सुरक्षित कुन्जी के माध्यम से अपने से संबंधित आंकड़ा बैंक सम्पति के प्रयोग व अध्यतन के लिए प्राधिकृत कर सकती है ताकि इसकी उपयोगिता और मूल्य में वृद्धि हो सके ।

(3) प्रत्येक संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण नियमित आधार व समय पर एट्रीब्यूट डेटा का अध्यतन करेंगे। विफलता की स्थिति में, विनियम प्राधिकरण कर्मचारियों तथा/या संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण के विरुद्ध विनियमों में उपबंधित रूप में कार्रवाई कर सकेगा ।

(4) प्रत्येक संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक एवं निजी अभिकरण जो सार्वजनिक सेवा प्रदान कर रही है उनके लिए भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय अनुप्रयोग, भू-आकाशीय प्रणाली तथा भू-पोर्टल का उपयोग अनिवार्य है।

(5) प्रत्येक व्यक्ति या सरकारी कर्मचारी जो भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-पोर्टल, भू-आकाशीय प्रणाली, भू-आकाशीय अनुप्रयोग को अभिधमन करने के लिए प्राधिकृत हैं वे प्रयोग, अध्यतन तथा प्रशासनिक प्रयोग के समय अपने डिजिटल हस्ताक्षर, सुरक्षित कुन्जी या इसी प्रकार का प्रयोग करेंगे ।

(6) ऐसे सभी विभागों, स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए यह अनिवार्य है कि वे यथा संभव कागजरहित व्यवस्था सुनिश्चित करें जैसाकि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) के अन्तर्गत इ-गवर्नेन्स की नीति में उल्लिखित है।

## अध्याय-VI

10. **भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक का अनुप्रयोग तथा उपयोगिता**—(1) सरकार कम्पनी के परामर्श से इस अधिनियम के

अन्तर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों की स्कीम के अनुरूप भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक तथा भू-आकाशीय मानचित्र से संबंधित विभिन्न भू-आकाशीय अनुप्रयोग प्रतिपादित करेगी :

बशर्ते ये सभी स्कीमें अनुमोदन हेतु कम्पनी द्वारा निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाएं और तभी प्रभावी होंगी यदि इन्हें बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया हो ।

(2) संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण या सार्वजनिक एवं निजी अभिकरण द्वारा प्राधिकृत कोई भी ठेकेदार कम्पनी को ऑनलाइन आवेदन कर सकता है तथा दिल्ली में तभी कोई विकास कार्य प्रारम्भ कर सकेगा, जब उसे विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त हो गई हो । संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण या सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण जो इस अधिनियम के अन्तर्गत भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक के उपयोग या अभिगमन के लिए प्राधिकृत है और कार्य के विकास की प्रगति के साथ प्रस्तावित परियोजना के विकास के संबंध में सूचना प्रदान एवं निरन्तर अद्यतन के लिए जिम्मेदार है जिसे विशिष्ट पहचान संख्या द्वारा पहचाना जा सकता है जो कि इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए नियम के अनुरूप ऑनलाइन प्राप्त और बनाया जा सकता है।

(3) उप-धारा (2) के तहत विशिष्ट पहचान संख्या ऑनलाइन हासिल किया जा सकता है और कम्पनी में प्राप्त ऐसे आवेदनों का निपटान इनकी प्राप्ति से 15 दिनों के अन्दर किया जाएगा:

बशर्ते कम्पनी निदेशक मंडल द्वारा निर्णीत तथा नियत दर से आवेदन शुल्क चार्ज करने के लिए प्राधिकृत होगी और जिसका भुगतान दिल्ली में किसी विकास कार्य को प्रारम्भ करने वाले इच्छुक ठेकेदार, व्यक्ति या प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इस पद्धति से समय-समय पर नियत दर संशोधित करने के लिए कम्पनी प्राधिकृत है । ऐसे आवेदन के शुल्क की दर या संशोधित आवेदन शुल्क अधिसूचना द्वारा विधिवत घोषित की जाएगी ।

(4) इस अधिनियम के अंतर्गत भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक तथा अन्य को अभिगमन करने वाले संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण तथा सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण का कर्तव्य है कि वह वर्ष की प्रत्येक तिमाही में विनियामक प्राधिकरण को लिखित रूप से प्रमाणित करे कि विकासात्मक क्रियाकलापों के परिणाम स्वरूप बनाए गए सभी भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक तथा एट्रीब्यूट आंकडे अद्यतन है ।

## अध्याय-VII

## विनियामक प्राधिकरण की स्थापना

**11. दिल्ली आकाशीय डेटा विनियामक प्राधिकरण :—** सरकार की ओर से अधिसूचित तिथि से इस अधिनियम के उद्देश्य के लिए स्थापित प्राधिकरण को 'दिल्ली आकाशीय डेटा विनियामक प्राधिकरण' के रूप में जाना जाएगा (बाद में इसे "विनियामक प्राधिकरण" के रूप में संदर्भित) ।

**12. विनियामक प्राधिकरण का संघटन:—**सरकार विनियामक प्राधिकरण का गठन करेगी और नामत: निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(क) सरकार के मुख्य सचिव, सदस्य पदेन अध्यक्ष के रूप में;

(ख) भारत के महा सर्वेक्षक, सदस्य के रूप में ।

(ग) सचिव, वित्त विभाग, दिल्ली सरकार, सदस्य के रूप में;

(घ) सचिव, शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार, सदस्य के रूप में;

(ङ) सचिव, विधि, न्याय एवं विधायी कार्य विभाग, दिल्ली सरकार, सदस्य के रूप में;

(च) सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, दिल्ली सरकार, सदस्य सचिव के रूप में;

**13. सहायक प्रशसनिक अधिकारी, परामर्शदाता, विशेषज्ञ, सलाहकार इत्यादि नियुक्त करने की शक्ति:—**विनियामक प्राधिकरण आवश्यकता अनुसार प्रशासनिक, सूचना प्रौद्योगिकी, विधिक, वित्त तथा अन्य सहित ऐसे अधिकारी, परामर्शदाता, विशेषज्ञ, सलाहकार इत्यादि को अपनी सहायता हेतु नियुक्त कर सकती है जो इस अधिनियम के दायित्व को पूरा करने के लिए विनियामक प्राधिकरण को सौंपे गए हैं ।

**14. विनियामक प्राधिकरण के कार्यालय की अवधि तथा इसके सदस्य :—**विनियामक प्राधिकरण और/या इसके सदस्यों के कार्यालय के कार्यकाल का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा जैसाकि निर्धारित है :

बशर्ते कि विनियामक प्राधिकरण के कार्यालय में किसी व्यक्ति ने पैंसठ वर्ष की आयु पूरी न कर ली हो ।

**15. वेतन एवं भत्ते :—**धारा 13 के अंतर्गत नियुक्त व्यक्तियों को देय वेतन तथा भत्तों एवं निबंधन व शर्तों का निर्धारण सरकार द्वारा नियमों के अनुसार किया जाएगा :

शर्त यह है कि सरकार विनियामक प्राधिकरण को इस अधिनियम के अन्तर्गत अपने कर्त्तव्य कुशलतापूर्वक निष्पादन के लिए यथावश्यक ऐसे अधिकारी, परामर्शदाता और कर्मचारी उपलब्ध कराएगी ।

**16. विनियामक प्राधिकरण की शक्ति, कर्त्तव्य एवं दायित्व :—** इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार विनियामक प्राधिकरण के निम्नलिखित विषयों के संबंध में नीतियां, योजना और दिशा-निर्देश/मार्ग-निर्देश निर्धारित करने के निम्नलिखित उत्तरदायित्व होंगे, अर्थात् :—

(क) सरकार द्वारा यथा-सृजित भू-आकाशीय प्रबंधन;

(ख) जनोपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराने वाले संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरणों द्वारा भू-आकाशीय आंकड़े, भू-ओकाशीय अनुप्रयोग, भू-पोर्टल की हिस्सेदारी एवं अभिगमन को नियंत्रण करने वाले सेवा प्रभार, शुल्क, लागत सहित शर्तें;

(ग) मूलभूत आंकड़ों के विभिन्न अनुप्रयोग एवं उपयोगिता का कार्यक्षम अनुकूलन;

(घ) भू-आकाशीय प्रणाली से संबंधित सुरक्षा संहिता का निर्धारण;

1037 DG/11—2

(ङ) दिल्ली में सार्वजनिक जनोपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराने वाले संबंधित विभाग स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक एवं निजी अभिकरणों तथा सरकार और उनके संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों द्वारा सुरक्षा संहिता के उल्लंघन की स्थिति में उत्तरदायित्व एवं जवाबदेही निश्चित करना;

(च) भू-आकाशीय प्रणाली के विकास हेतु इसकी नीति और योजना का प्रवर्तन एवं क्रियान्वयन और इसके आगामी अनुप्रयोग तथा सदुपयोग;

(छ) दिल्ली में जनोपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराने वाले विभिन्न संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरण के बीच या मध्य मूलभूत आंकड़े अभिगमन में पहुंच, अनुप्रयोग और अद्यतन में हिस्सेदारी को विनियंत्रित करने वाले किसी विवाद की स्थिति में अधिनिर्णय करने वाले प्राधिकरण के रूप में कार्य करना;

(ज) दिल्ली में जनोपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराने वाले विभिन्न प्रमुख विभागों स्थानीय निकाय, सार्वजनिक प्राधिकरण, सार्वजनिक निजी अभिकरण तथा इस/इन के अधिकारीगण की ओर से इस अधिनियम, इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों तथा/अथवा विनियमों के किन्हीं उपबंधों में से किसी उपबंध का उल्लंघन करने की स्थिति में एक अनुशासनिक निकाय के रूप में कार्य करना तथा इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अनुसार दंड आरोपित करना :

शर्त यह है कि इस प्रकार के सभी निर्णय बहुमत से विनियामक प्राधिकरण द्वारा किए जाएंगे ।

**17. प्रक्रिया** :—(1) कोई प्रतिकूल आदेश पारित करने से पूर्व विनियामक प्राधिकरण कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगेगा जिसके लिए कम से कम पंद्रह दिन दिए जाएंगे ।

(2) यदि कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है या प्रस्तुत स्पष्टीकरण विनियामक प्राधिकरण के अभिमत से संतोषजनक नहीं है, तो प्राधिकरण अनुशासनिक तथा/अथवा अधिनिर्णय संबंधी, जैसी भी स्थिति हो, तथा सम्बद्ध विषय पर जांच का निदेश देकर कार्रवाई प्रारम्भ करेगा ।

(3) विनियामक प्राधिकरण के समक्ष उत्पन्न विवाद के संबंध में जांच करते समय विनियामक प्राधिकरण नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के उपबंधों या साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) के उपबंधों के प्रति बाध्य नहीं होगा । विनियामक प्राधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों का अनुसरण करेगा तथा सम्बद्ध पक्षों को अपनी-अपनी बात सिद्ध एवं प्रमाणित करने के लिए पूरा-पूरा अवसर दिए जाएंगा ।

(4) विनियामक प्राधिकरण पक्षकारों द्वारा उठाए गए प्रकरण, विवाद के तथ्यों, विनियामक प्राधिकरण द्वारा पता लगाए गए तथ्यों का पता लगाने के कारण तथा अन्तिम निर्णय संबंधी स्पष्ट आदेश पारित करेगा ।

(5) अपने प्रकार्यों के निवर्हन में विनियामक प्राधिकरण की निम्नलिखित शक्ति होगी, अर्थात् :—

(क) किसी व्यक्ति या प्राधिकारी को उपस्थिति के लिये बुलाना तथा विवश करना;

(ख) किसी प्रलेख, लेखा बहियां, अभिलेख के प्रस्तुतीकरण हेतु निदेश देकर आमंत्रित करना;

(ग) शपथ-पत्र के साक्ष्य में उसके किसी बयान का अभिलेखन किसी साक्षी/साक्ष्य को आमंत्रित करना; और

(घ) जिन विवादों में इस अधिनियम के अन्तर्गत विनियामक प्राधिकरण सृक्षम तथा सशक्त है उस विवाद की जांच करते समय यथावश्यक एवं समायोजित ऐसा निदेश या आदेश पारित करना ।

**18. विनियामक प्राधिकरण के आदेशों के विरुद्ध अपील** :—इस अधिनियम के अन्तर्गत विनियामक प्राधिकरण द्वारा पारित किसी आदेश से असंतुष्ट कोई व्यक्ति, प्राधिकरण, विभाग या अधिकारी प्रतिकूल आदेश की प्राप्ति के तीस दिन तक की अवधि के भीतर इस अधिनियम के अन्तर्गत इस प्रयोजन के लिये गठित अपीलीय प्राधिकरण को अपील प्रस्तुत करने के लिए सक्षम होगा :

उपबंध है कि अपीलीय प्राधिकरण उक्त तीस दिन की अवधि समाप्त होने पर भी यदि संतुष्ट है कि उस अवधि में अपील दायर न करने के लिये समुचित कारण थे, अपील पर विचार कर सकती है।

**19. अपीलीय प्राधिकरण की नियुक्ति** :— (1) सरकार इस अधिनियम के अन्तर्गत विनियामक प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई तथा निर्णय करने की शक्ति रखने वाला काई अपीलीय प्राधिकरण गठित करेगी ।

(2) अपीलीय प्राधिकरण की शर्तें, वेतन तथा देय भत्ते सरकार द्वारा यथानिर्धारित रूप में होंगे ।

**20. अपीलीय प्राधिकरण का संघटन**:—(1) इस अधिनियम के प्रयोजन के लिये अपीलीय प्राधिकरण का एक अध्यक्ष, एक प्रशासनिक एवं एक तकनीकी सदस्य होगा । अपीलीय प्राधिकरण के अध्यक्ष भारत सरकार में कम से कम सचिव के पद से सेवानिवृत्त अधिकारियों के पूल में से लिया जाएगा ।

(2) प्रशासनिक सदस्य सरकारी नीति, सरकारी कार्य, सामाजिक सेवाएं, विधि, प्रबंधन, प्रशासन या सरकार जैसे क्षेत्रों में कम से कम पचीस वर्ष की व्यापक जानकारी/ज्ञान और अनुभव रखने वाला जन जीवन से जुड़ा प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा ।

(3) तकनीकी सदस्य सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र का विशेषज्ञ होगा और अपने क्षेत्र में कम से कम पचीस वर्ष की सम्बद्ध योग्यता एवं अनुभव रखता हो :

शर्त यह है कि किसी अपीलीय प्राधिकरण का कोई भी सदस्य सांसद या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र का विधायक नहीं होगा और किसी राजनीतिक दल के साथ जुड़े किसी पद पर नहीं होगा ।

**21. अपील की सुनवाई की प्रक्रिया** :— (1) अपीलों की सुनवाई करते समय अपीलीय प्राधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों से मार्गदर्शित होगा तथा संबंधित पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देगा ।

(2) अपीलीय प्राधिकरण को विनियामक प्राधिकरण द्वारा निर्णित प्रकरण के अभिलेख मंगवाने की शक्ति होगी तथा इसे विनियामक प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश के उलटने, आशोधित करने या रद्द करने के लिए सक्षम होगा । अपीलीय प्राधिकरण, विनियामक प्राधिकरण द्वारा मूल रूप में पारित आदेश को रद्द करने के उपरान्त प्रकरण पर नए सिरे से आदेश को पारित करने के निदेश सहित उसे लौटाने के लिए भी सशक्त होगा ।

(3) अपीलीय प्राधिकरण नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) या साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) से बाध्य नहीं होगा और अपील की सुनवाई संबंधी अपनी प्रक्रिया निर्धारित कर सकेगा ।

**22. पारिश्रमिक एवं भत्ते** :—अपीलीय प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों को इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाए नियमों के अनुसार सरकार द्वारा यथानिर्धारित भत्ते भुगतान किए जाएंगे ।

## अध्याय-VIII

## विविध

**23. निदेश जारी करने की शक्ति** :—सरकार समय-समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनों की पूर्ति के लिए अपने अभिमत से यथावश्यक या समयोचित ऐसे निदेश विनियामक प्राधिकरण को जारी कर सकती है और विनियामक प्राधिकरण का दायित्व होगा कि वह ऐसे निदेशों का पालन करे ।

**24. सद्भावना से की गई कार्रवाई से बचाव**:—कोई वाद, अभियोग या अन्य कानूनी कार्रवाई सरकार, विनियामक प्राधिकरण तथा अपीलीय प्राधिकरण या इसके अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नहीं होगा/होगी जो इस अधिनियम या इसके अन्तर्गत बनाए नियमों तथा विनियमों के अनुसरण में सद्भावना से या अभीष्ट के लिए की गई हो ।

**25. नियम बनाने के लिए सरकार की शक्ति** :—(1) सरकार अधिसूचना से, इस अधिनियम के उपबंधों के क्रियान्वयन हेतु नियम बना सकती है ।

(2) विशेषत: और पूर्वोक्त शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सभी या निम्नलिखित विषयों में किसी विषय संबंधी ऐसे नियम बना सकती है :—

(क) संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, सार्वजनिक तथा निजी अभिकरणों एवं भारत के नागरिकों से वसूल किए जाने वाले प्रभारों, शुल्क, लागत और इस प्रकार को नियंत्रित करने वाले राजस्व माडल को बनाने संबंधी शर्तें;

(ख) संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, सार्वजनिक एवं निजी अभिकरणों के साथ सेवा स्तरीय करार या अन्य करार में शमिल की जाने वाली शर्तें;

(ग) विशिष्ट पहचान संख्या को उत्पन्न करने को नियंत्रित करने वाला/वाली अनुप्रयोग एवं प्रक्रिया और ठेकेदार/संविदाकार द्वारा देय निश्चित शुल्क एवं समय-समय पर संशोधित शुल्क की सूची की अधिसूचना;

(घ) प्रतिबंधित एवं अप्रतिबंधित आंकड़ों के वर्गीकरण की पद्धति एवं प्रक्रिया;

(ङ) कोई अन्य विषय जिसे निर्धारित किया जाना अपेक्षित है या निर्धारित किया जाता है ।

**26. विनियम बनाने के लिये विनियामक प्राधिकरण की शक्ति**:—(1) विनियामक प्राधिकरण सरकार के पूर्व अनुमोदन से इस अधिनियम के उपबंधों को लागू करने के लिए इस अधिनियम के उपबंधों के अनुकूल विनियम बना सकती है ।

(2) विशेषत: और पूर्वोक्त शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निम्नलिखित सभी विषयों या कुछ विषयों के लिए ऐसे विनियमों की व्यवस्था की जा सकती है:—

(क) सहायक स्टाफ, अधिकारियों, परामर्शदाताओं, सलाहकारों आदि की नियुक्ति के लिए शर्तें, शैक्षिक योग्यताएं एवं अनुभव निश्चित करना;

(ख) संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्राधिकरणों तथा निजी एवं सार्वजनिक अभिकरणों के बीच तथा मध्य विवाद के अधिनिर्णय को नियंत्रित करने की प्रक्रिया;

(ग) किसी अनुशासनिक प्राधिकरण के रूप में जांच और दंड के आरोपण को नियंत्रित करने की प्रक्रिया;

(घ) अधिनियम के अन्तर्गत नोटिस देने की पद्धति;

(ङ) कोई अन्य विषय जिसे निर्धारित किया जाना अपेक्षित है या निर्धारित किया जाना है ।

(3) अधिकतम दंड जो विनियामक प्राधिकरण द्वारा दिया जा सकेगा वह दस हजार रुपये प्रति अनधिक चूक होगा ।

**27. नियमों एवं विनियमों को प्रस्तुत करना/सदन पटल पर रखना**:—इस अधिनियम के अन्तर्गत बनाए गए प्रत्येक नियम के बनने के बाद इसे यथाशीघ्र विधानसभा पटल के समकक्ष कुल तीस दिन के सत्रकाल में रखा जाएगा। उक्त अवधि एक सत्र की है या दो सत्रों की हो या इससे अधिक उत्तरवर्ती सत्रों को मिलाकर हो और यदि आगामी सत्र या पूर्वोक्त उत्तरवर्ती सत्रों से तुरन्त पहले सत्र समाप्त होने से पहले सदन नियम में किसी प्रकार का संशोधन करने के लिए सहमत है या सदन सहमत है कि नियम नहीं बनाया जाना चाहिए, तो इसके बाद नियम केवल ऐसे आशोधित रूप में प्रभावी होगा या प्रभावी नहीं होगा, जैसी भी स्थिति हो, तथापि ऐसा आशोधन या निष्प्रभावन उक्त नियम के अन्तर्गत पहले किए गए की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव के रहित होगा ।

**28. कठिनाइयां दूर करने के लिए शक्ति** :—(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी करने से कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो सरकार शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे

उपबंध बना सकती है जो इस अधिनियम के उपबंधों के प्रतिकूल न हो, जो उसे कठिनाई दूर करने के लिए आवश्यक या समयोचित प्रतीत होते हों :

शर्त यह है कि ऐसा कोई भी आदेश, जिस तिथि को अधिनियम प्रभावी होता है, उस तिथि से दो वर्ष की अवधि बीतने के उपरान्त नहीं बनाया जाएगा ।

(2) इस धारा के अन्तर्गत बनाया गया प्रत्येक आदेश बनने के बाद शीघ्र विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा ।

## अनुसूची

[धारा 4 देखें]

| क्र. सं. | विभाग |
|---|---|
| (1) | (2) |
| 1. | दिल्ली अग्निशमन सेवा |
| 2. | मनोरंजन सीमा-शुल्क तथा विलासिता कर विभाग |
| 3. | पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग |
| 4. | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग |
| 5. | व्यापार एवं कर विभाग |
| 6. | जनगणना महानिदेशालय, दिल्ली |
| 7. | शिक्षा निदेशालय |
| 8. | सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग |
| 9. | कार्यालय मुख्य चुनाव अधिकारी, दिल्ली |
| 10. | श्रमायुक्त कार्यालय |
| 11. | रजिस्ट्रार सहकारी समिति कार्यालय |
| 12. | लोक निर्माण विभाग |
| 13. | राजस्व विभाग |
| 14. | दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण |
| 15. | दिल्ली प्रदूषण नियन्त्रण समिति |
| 16. | दिल्ली राज्य औद्यौगिक एवं अवसंरचना विकास कार्पोरेशन लि. |
| 17. | दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास कार्पोरेशन लि. |
| 18. | दिल्ली ट्रांसको लि. |
| 19. | दिल्ली ट्रांसको कार्पोरेशन |
| 20. | दिल्ली विकास प्राधिकरण |
| 21. | दिल्ली जल बोर्ड |
| 22. | दिल्ली नगर निगम |
| 23. | नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् |
| 24. | दिल्ली समेकित मल्टी माडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड |
| 25. | दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड |
| 26. | इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड |
| 27. | महानगर टेलीफोन निगम लि. |
| 28. | नार्थ दिल्ली पावर लिमिटेड |
| 29. | यमुना एवं राजधानी बी.एस.ई.एस. पावर लिमिटेड |

## उद्देश्यों और कारणों का विवरण

दिल्ली भू-आकाशीय आंकड़ा अवसंरचना (प्रबंधन, नियंत्रण, प्रशासन, सुरक्षा एवं संरक्षण) विधेयक, 2011 का उद्देश्य दिल्ली के लिए भू-आकाशीय आंकड़ा बैंक, भू-आकाशीय मानचित्र, भू-आकाशीय प्रणाली,भू-आकाशीय अनुप्रयोग, भू-पोर्टल का सृजन, अध्यतन, प्रबन्धन, प्रसारण व साझेदारी करना है जिससे विभिन्न विभागों, निगमों, मण्डलों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक एवं निजी अभिकरणों द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं के जनोपयोगी सेवाओं आदि के नियोजन, क्रियान्वयन, रखरखाव के लिये आधार प्रदान करेगा और दिल्ली में बेहतर समन्वय, सुशासन, जनकल्याण के उद्देश्यों की पूर्ति करने का कार्य करेगा ।

विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति करना चाहता है।

(शीला दीक्षित)

मुख्यमंत्री

नई दिल्ली :

दिनांक :

## वित्तीय ज्ञापन

दिल्ली भू-आकाशीय आंकड़ा अवसंरचना (प्रबंधन, नियंत्रण, प्रशासन सुरक्षा एवं संरक्षण) विधेयक, 2011 का उद्देश्य समय-समय पर राजस्व माडल निर्माण करने के लिए जायो स्पैटियल दिल्ली लिमिटेड (जीएसडीएल) को प्राधिकृत करना है ।

विधेयक, 211 के उपबंध जी.एस.डी.एल. के माध्यम से लागू किया जाएगा और विनियामक निकाय की स्थापना करने के सिवाय कोई भी वित्तीय उलझाव नहीं है। इस खर्च की पूर्ति विभाग के बजट से की जाएगी ।

## प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को विधेयक के खंड 25 के अनुसार नियमावली बनाने की शक्ति प्रदत्त की गई है ।

इस प्रकार विधेयक के कर्त्तव्यों के निष्पादन हेतु विनियामक प्राधिकरण को विधेयक के खंड 26 के अनुसार विनियम बनाने की शक्ति सौंपी गई है।

जिस विषय के संबंध में नियम एवं विनियम बनाए जा सकते हैं वे विषय प्रशासनिक स्वरूप के हैं और प्रक्रियाएं और इसी प्रकार विधायी शक्तियों का प्रत्यायोजन सामान्य स्वरूप का है ।

पी. एन. मिश्रा, सचिव

**THE DELHI GEO-SPATIAL DATA INFRA-STRUCTURE (MANAGEMENT CONTROL, ADMINISTRATION, SECURITY AND SAFETY) BILL, 2011 (BILL NO. 2 OF 2011)**

**Delhi Legislative Assembly Secretariat**

**NOTIFICATION**

Delhi, the 21st March, 2011

**F. No. 21(2)/2011/LAS-IV/Leg./3240.**—The following is published for general information :—

**(As introduced by the Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi on 21st March, 2011)**

A Bill to create, update, manage, disseminate, and share, for Delhi a geo-spatial data, geo-spatial map, geo-spatial system, geo-spatial application, geo-spatial portal of the land revenue records; public utilities including roads, water, sewerage, electricity, telecommunication/internet services and other services of utility; property details, property ownership and the like, by entrusting the responsibility to Geo Spatial Delhi Limited, a body registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956) making it mandatory for the departments, corporations, boards of the Government of NCT of Delhi; local bodies; public authorities; public or private agencies, etc. to use and update the Delhi Geo-spatial data; by establishing a regulatory authority and an appellate authority for proper co-ordinated planning and development of Delhi, and for matters connected therewith or incidental thereto.

Whereas the Ministry of Space and Technology, Department of Science and Technology (National Disaster Management Services Division), Government of India has framed the National policy for Sharing and Accessibility of the data *vide* communication dated 14-7-2010 and has mandated that the data as created by the various departments and authorities of the Government at the cost of public exchequer must be shared and utilized in the beneficial interest of the public;

And whereas the Government of National Capital Territory of Delhi has created an integrated geo-spatial information system for easy accessibility of all relevant information including land revenue records, land use, property details, utility services, infrastructure, etc. for the National Capital Territory of Delhi, with the expert guidance of the Survey of India, Department of Science and Technology, Government of India, in pursuance of the Cabinet Decision No. 1302 dated 13-11-2007 of the Government of National Capital Territory of Delhi;

And whereas the Delhi Geo-spatial Data and its information can be applied and utilised for better planning and management as part of good governance by the departments, corporations, boards of the Government of National Capital Territory of Delhi; local bodies; public authorities; public and private agencies rendering services of public utilities in Delhi;

Be it enacted by the Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi in the Sixty-second Year of the Republic of India as follows :—

**CHAPTER-I**

**PRELIMINARY**

**1. Short title, extent and commencement.**—(1) This Act may be called the Delhi Geo-Spatial Data Infrastructure (Management, Control, Administration, Security and Safety) Act, 2011.

(2) It extends to the whole of the National Capital Territory of Delhi.

(3) It shall come into force on such date as the Government may, by notification, appoint.

**2. Definitions.**—In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) "Appellate Authority" means the authority appointed in accordance with Section 19 of this Act;

(b) "attribute" means the qualifying data pertaining to the spatial feature and any non-spatial or texture data that is to be associated with the mapped feature;

(c) "company" means the Geo-Spatial Delhi Limited, a wholly owned company of the Government, registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956);

(d) "Delhi" means the National Capital Territory of Delhi;

(e) "development activity" includes construction activity, excavation activity and the like carried out either by any line department, local body, public authority, public and private agency for the purpose of rendering any public utility services like laying of cables, water pipe lines, sewerage lines, gas pipelines, etc.;

(f) "geo-portal" means the Delhi geo-spatial map server or software application for access of geo-spatial data and application residing on an identified system of a control centre or a monitoring centre;

(g) "geo-spatial applications" include the applications developed to use the geo-spatial data to cater to specific governance needs of the Government;

(h) "geo-spatial data" includes 3-dimensional Geo-spatial information system including land information system of Delhi comprising land

revenue record data, land ownership, etc. along with urban information system comprising property details, property ownership; pipelines, sewerage lines, roads, bridges, water tanks and the like of Delhi, base map in hardcopy, softcopy and electronic transaction forms to be made available by and to a line department, local body, public authority, public and private agency;

(i) "geo-spatial map" includes the 2-dimensional or 3-dimensional map of Delhi generated with the help of aerial photography, photo-grammatory, created with 2-dimensional or 3-dimensional topology and texturing including ortho-photo vectorization, validation, digital electronic model so as to provide 2-dimensional or 3-dimensional visualization of the projected area;

(j) "geo-spatial system" includes all the hardware, software, spatial data applications, surveillance system and other allied information technology equipments for the control centres and monitoring centres with appropriate linking mechanism to the line department, local body, public authority, public and private agency;

(k) "Government" means the Lieutenant Governor of the National Capital Territory of Delhi appointed by the President under article 239 and designated as such under article 239 AA of the Constitution;

(l) "line department" includes a department, corporation, board of the Government, having right to access the base map through access control;

(m) "local body" includes any public authority, municipality, Delhi Cantonment Board, Delhi Jal Board, Town Planning Authority, Delhi Development Authority or any other body or authority, by whatever name called, for the time being invested by law to render essential services of public utility within the territory of Delhi or to control or manage or to regulate civic services within a specified local area;

(n) "monitoring centre" means the monitoring centre established in Delhi for monitoring live archives, buildings, real estates and other assets for change detection in achieving and creating a local archive of the data collected through internal protocol camera installed or through any other mode;

(o) "notification" means a notification published in the Official Gazette;

(p) "public and private agency" includes public or private electricity distribution companies, public or private telecommunication services, internet services providers and the like, rendering services of public utility;

(q) "public authority" means any authority or body or institution of self governance established or constituted (i) by or under the Constitution; (ii) by any other law made by Parliament; (iii) by any law made by the Legislature of a State or Union territory, (iv); by a notification issued or order made by the Government; and includes (a) a body owned, controlled or substantially financed by the Government; (b) a non-Government organization substantially financed directly or indirectly by funds provided by the Government; and (c) and organization or body corporate in its capacity as an instrumentality of State as defined under Article 12 of the Constitution of India, rendering services of public utility;

(r) "regulation" means a regulation made by the Regulatory Authority under this Act, by notification;

(s) "Regulatory Authority" means the Delhi Spatial Data Regulatory Authority constituted under Section 12 of this Act;

(t) "rule" means a rule made by the Government under this Act, by notification;

(u) "Schedule" means the Schedule appended to this Act;

(v) "utility mapping" includes the mapping and creation of a geo-spatial data base of on the ground, underground or over ground utilities such as water pipelines, sewerage lines, cables, mapped using ground probing radar and ground survey and other forms of survey;

(w) "utility services" include services of water, sewerage, electricity and the likes;

## CHAPTER-II

## MANDATORY SHARING, ACCESSING, UTILIZATION AND UPDATION OF GEO-SPATIAL DATA

**3. Mandatory sharing, accessing, utilization and updation of geo-spatial data.**—Every line department, local body, public authority, private and public agency rendering services of public utility in Delhi shall :—

(a) ensure that various geo-spatial data attributes pertaining to them are uploaded in the geo-spatial data base;

(b) utilise the geo-spatial data and geo-spatial map for proper co-ordinated planning, management

and delivery of the various services rendered as a part of their administrative and statutory functions;

(c) update their respective attribute data continuously on real time basis for up-dation of geo-spatial data and geo-spatial map created, maintained and managed in accordance with the provisions of this Act;

(d) link their respective attribute data to the geo-spatial data and geo-spatial map created, maintained and managed in accordance with the provisions of this Act;

(e) ensure safety and security of geo-spatial data.

## CHAPTER-III

## SERVICES OF PUBLIC UTILITY

**4. Services of public utility.**—(1) For the purposes of this Act, services of public utility include the services rendered by the line department, local body, public authority, public and private agency of the Government which are listed in the Scheduled.

(2) The Government may, by notification, amend the Scheduled on the recommendation of the Regulatory Authority from time to time.

## CHAPTER-IV

## EMPOWERMENT OF THE COMPANY AND ITS FUNCTIONS UNDER THIS ACT

**5. Empowerment.**—For the purpose of creating, updating, managing, disseminating and sharing, for Delhi geo-spatial data, geo-spatial map, geo-spatial system, geo-spatial application, geo-spatial portal of the land revenue records; public utilities including roads, water, sewerage, electricity, telecommunication or internet services and other services of utility; property details, property ownership and the like, the company shall, after the commencement of this Act, be empowered by the Government by notification and by such amendments to the memorandum of association of the company as may be necessary.

**6. Functions of the company.**—The company shall maintain geo-spatial data, geo-spatial map, geo-spatial system, develop geo-portal and applications, for the Government and shall—

(a) make the appropriate use of the data of the line departments, local bodies, public authorities, public or private agencies, individuals, etc. as authorised by the Government for the benefit of citizens of Delhi;

(b) own and maintain the hardware and software, produced and used in the Delhi Spatial Data Infrastructure project;

